**सं.: 1:05:138:I:सीएस**
**दिनांक : 22.06.2026**

| | |
|---|---|
| नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-**400 051** | बीएसई लिमिटेड,<br>कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-**25**,<br>पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-**400001** |

**विषय: <u>पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक की नियुक्ति</u>**

महोदय/महोदया,

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुपालन में यह सूचित किया जाता है कि श्री पंकज गुप्ता (DIN: 03415536) को पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। इस संबंध में विवरण निम्नानुसार है:-

| | |
|---|---|
| परिवर्तन का कारण | विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने आदेश संख्या एफ.No.46/2/2010-आरई(खंड.II)(पार्ट-4)(पार्ट-1) दिनांक 22.06.2026 द्वारा तथा आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के प्रावधानों के अनुपालन में श्री पंकज गुप्ता (DIN: 03415536) को पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन माह की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश जारी होने तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी। |
| नियुक्ति की तिथि | 22.06.2026 |
| संक्षिप्त परिचय | श्री पंकज गुप्ता (DIN: 03415536) एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, जिनके पास 25 वर्षों से अधिक का पेशेवर अनुभव है। वे भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएई) के फेलो सदस्य हैं।<br><br>उनके पास कराधान, लेखा-परीक्षा एवं, कॉर्पोरेट कानून तथा वित्तीय परामर्श के क्षेत्रों में 25 वर्षों से अधिक का पेशेवर अनुभव है। वे पंकज मानवी एंड एसोसिएट्स के प्रबंध भागीदार हैं, जो एक प्रतिष्ठित फर्म है और विभिन्न घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कराधान, लेखा परीक्षा, लेखांकन, फंड जुटाने तथा कॉर्पोरेट मुकदमेबाजी से संबंधित सेवाएँ प्रदान करती है।<br><br>अपने पेशेवर जीवन के दौरान, उन्होंने आयकर, अंतरराष्ट्रीय कराधान, ट्रांसफर प्राइसिंग, जीएसटी, एफईएमए, कॉर्पोरेट अनुपालन तथा पूंजी बाजार विनियमों से |

| | |
|---|---|
| | संबंधित जटिल मामलों में कॉर्पोरेट संस्थाओं, बहुराष्ट्रीय कंपनियों एवं संस्थानों को परामर्श प्रदान किया है। उन्होंने ग्राहकों को आईपीओ, एफपीओ, निजी प्लेसमेंट, पीई डिल्स, ड्यू डिलिजेंस तथा सेबी, आरओसी, एनसीएलटी, एनसीएलएटी एवं अन्य प्राधिकरणों के समक्ष नियामकीय अनुपालन से संबंधित मामलों में भी मार्गदर्शन प्रदान किया है।<br><br>उन्हें एक लोक नीति टिप्पणीकार के रूप में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है। वे नियमित रूप से विभिन्न राष्ट्रीय टेलीविजन चैनलों पर आयकर, जीएसटी तथा केंद्रीय एवं राज्य बजट से संबंधित विषयों पर अपने विशेषज्ञ विचार साझा करते रहे हैं। वे व्यावसायिक पत्रिकाओं, व्यापारिक मंचों तथा प्रतिष्ठित प्लेटफॉर्म जैसे एबीसीलाइव.इन में भी सक्रिय रूप से योगदान देते हैं और विभिन्न उद्योग संगठनों द्वारा आयोजित अनेक सेमिनारों एवं सम्मेलनों में व्याख्यान दे चुके हैं। |
| निदेशकों के बीच संबंध | शून्य |

इसके अतिरिक्त, हम आपको यह भी सूचित करना चाहते हैं कि श्री पंकज गुप्ता (DIN: 03415536) द्वारा दिए गए घोषणा-पत्र के अनुसार, उन्हें सेबी अथवा किसी अन्य सक्षम प्राधिकरण के किसी आदेश के आधार पर निदेशक का पद धारण करने से प्रतिबंधित नहीं किया गया है।

आपकी जानकारी एवं रिकार्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद।

**भवदीय,**
**कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**(मनीष कुमार अग्रवाल)**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**
**mk_agarwal@pfcindia.com**